आयोजन

चौरई में शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# शिक्षक तपकर छात्रों को शिक्षा देकर बनाते है योग्य : डीडी उईके

नवभारत न्यूज

**चौरई, 5 सितंबर, नगर के अन्नपूर्णा लॉन में पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत व नगर पालिका चौरई द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास ऊईके, कार्यक्रम अध्यक्ष सांसद विवेक बंटी साहू, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, जिला प्रभारी भाजपा आदित्य**

**बबला शुक्ला से सौंसर भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, पूर्व विधायक पं रमेश दुबे शामिल हुए। शिक्षकों की ओर से दो वरिष्ठ शिक्षक अवधेश भलावी व जागृति कावरे को सम्मान स्वरूप मंच पर अतिथि बनाकर बैठाया गया।**

अतिथियों ने मां सरस्वती भारत माता व डॉ राधाकृष्णन जी का पूजन के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर कार्यक्रम में आए सभी शिक्षकों के ऊपर पुष्पवर्षा उपरांत मोमेंटो भेंटकर सभी का सम्मान किया।

स्वागत भाषण देते हुए श्री दुबे ने कहा कि अतिथियों और भविष्य गढ़ने वाले सम्माननीय शिक्षकों का हृदय से स्वागत अभिनंदन करता हूं यह आयोजन शिक्षकों के सम्मान में किया गया है आप सभी हमारे सम्मान को सहर्ष स्वीकार कीजिए। सांसद श्री साहू ने कहा कि शिक्षक मोमबत्ती की खुद जलकर बच्चों के भविष्य को रोशन करने का काम करते है आपके परिश्रम को प्रणाम करता हूँ। जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि शिक्षक भविष्य के निर्माता होने के साथ ही शिक्षित और जागरूक समाज बनाने के लिए काम करते है आज भारत की शिक्षा का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री उइके जी ने कहा कि शिक्षकों का जीवन वंदनीय है हमारी प्रगति संस्कार और अच्छे भविष्य के लिए शिक्षक अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है । शिक्षक का जीवन कठिन होता है वे स्वयं तपकर छात्रों को शिक्षा देकर योग्य बनाते है। समापन पर जनपद अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी ने सभी का आभार जताया।

# सन ब्राइट कॉन्वेंट स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

## विद्यार्थियों ने शिक्षक बनकर संभाली कक्षाओं की जिम्मेदारी, पत्रकारों एवं शिक्षकों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**सुर्ई, 5 सितंबर, सन ब्राइट कॉन्वेंट स्कूल, सुर्ई में शुक्रवार को शिक्षक दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि विद्यार्थियों ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विभिन्न कक्षाओं का संचालन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को शिक्षकों की जिम्मेदारियों और उनके महत्व को करीब से समझने का अवसर मिला। समारोह के दौरान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा क्षेत्र के पत्रकारों एवं रिपोर्टरों को सम्मानित किया गया। वहीं विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति प्रेम, आदर और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद अशरफ उपस्थित रहे। पत्रकारों में राजकुमार सिंह, निरंजन तिवारी, जावेद खान भूपेंद्र कुशयप शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंतानुदास गुप्ता एवं श्रीमती रीना दास गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण धर्मचंद याहके, रोहित साहनी, अप्सा हुसैन, फातिमा खातून, नीलम सिंह, मिंका गिरी, निशा ठाकुरिया एवं मिंटी नागवंशी उपस्थित रहीं।

# दमुआ स्पोर्टिंग क्लब ने फोड़ी दही हांडी, जीता 31 हजार का पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**बिछुआ, 5 सितंबर, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को नगर के ब्लॉक कॉलोनी ग्राउंड में माखन मटकी फोड़ प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन में शौर्य दंगल, शैला नृत्य और कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं।**

दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता में विभिन्न गोविंदा दलों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। ऊंचाई पर बांधी गई दही हांडी को फोड़ने के लिए युवाओं ने मानव पिरामिड बनाकर अपनी टीम भावना और

साहस का प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और गोविंदा दलों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता में एकता स्पोर्टिंग क्लब, दमुआ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दही हांडी फोड़कर 31 हजार रुपए का नकद पुरस्कार अपने नाम किया। आयोजन के दौरान रिमझिम बारिश के बीच गोविंदा दलों के करतबों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

# संत चावरा नेशनल अकादमी में मनाया गया शिक्षक दिवस

नवभारत न्यूज

**परासिया, 5 सितंबर, संत चावरा नेशनल अकादमी में शिक्षक दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में शिक्षकों के प्रति अपार श्रद्धा, सम्मान और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों के माथे पर तिलक लगाकर की गई। मुख्य अतिथी महोदय, विद्यालय सचिव एवं प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सुमधुर प्रार्थना गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

विद्यार्थियों ने विभिन्न गानों पर आकर्षक एवं मनमोहक नृत्य पेश

कर सभी का दिल जीत लिया। छात्रों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में प्रेरणादायक भाषण और दिल को छू लेने वाली कविता प्रस्तुत की गई।शिक्षकों के चेहरे पर मुस्कान लाने और उनके मनोरंजन के लिए कई आकर्षक एवं मजेदार गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय सचिव सुशांत ठाकरे ने अपने भाषण में शिक्षकों के योगदान की सराहना की और समाज निर्माण में उनके महत्व पर प्रकाश डाला।

विद्यालय के प्राचार्य फादर जैसन ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की, शिक्षकों को बधाई दी और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया।

आभार विद्यालय सचिव सोनाक्षी करूसो ने किया। अंत में स्कूल एंथम के साथ ही यह यादगार समारोह संपन्न हुआ।

# अमृत हरित महा अभियान 2026 के तहत झामटा में पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**बिछुआ, 5 सितंबर, बिछुआ आदिवासी विकासखंड में शासन के निर्देशानुसार संचालित अमृत हरित महा अभियान 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर झमटा में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के प्राचार्य डॉ.आर.पी. यादव के निर्देशन में तथा अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. नवीन कुमार चौरसिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत परिसर में सिरस, खमेर, आंवला एवं करंज के पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण में शासकीय महाविद्यालय बिछुआ की सहायक प्राध्यापक डॉ नसरीन अंजुम खान, डॉ शशि उईके, डॉ शिवानी सोनी एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ शासकीय माध्यमिक शाला झमटा के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण के साथ उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

# गोली एवं यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा, कृष्ण भक्ति में डूबा नगर

नवभारत न्यूज

**तामिया, 5 सितंबर, भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी के पावन अवसर पर गोली एवं यादव समाज द्वारा इनामी राम सत्ता का शुभारंभ के साथ हजारों की सख्या मने गई अष्टमी भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।**

श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता से ओतप्रोत यह शोभायात्रा तामिया माता मंदिर प्रांगण के पीछे से प्रारंभ होकर पावर हाउस कॉलोनी होते हुए ब्लॉक ऑफिस तक निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।डीजे, ढोल-बाजों की थाप और

भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक धार्मिक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा जब नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से नगर गूंज उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।यह शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए खेड़ापति माता मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान समाजजनों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों को अपनाने और सामाजिक एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में समाज के सभी पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।तामिया में राम सत्ता भजन प्रतियोगिता संपन्न, महुआढाना मंडल ने मारी बाजी तामिया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर गोली एवं यादव समाज द्वारा आयोजित राम सत्ता भजन प्रतियोगिता तामिया में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई।

# हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

**जुन्नारदेव, 5 सितंबर, नगर में चार-पांच सितंबर की मध्य रात्रि को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान नगर के समस्त मंदिरों में भजन कीर्तन जारी रहे वहीं स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों में भी भगवान श्री कृष्ण का पूजन अर्चन किया गया।**

नगर के वार्ड क्रमांक 2 में सतीश पांडे के निवास स्थान पर माता यशोदा और श्री कृष्ण की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई जिसके दर्शनों के लिए वार्ड वासियों की भीड़ लगी रही वहीं मध्य रात्रि 12 बजे भजन कीर्तन और उत्साह पूर्ण वातावरण में भगवान श्री

कृष्ण के जन्म का उत्साह मनाया गया इस दौरान नगर के समस्त मंदिर और श्रद्धालुओं के घरों में श्री कृष्ण के जय घोष सुनाई दिए। नगर में 4 सितंबर शुक्रवार को सुबह से ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम दिखाई दी जहां पर जगह-जगह मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ-साथ श्री कृष्ण जन्म का उत्साह मनाया गया।

# नंदन में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

नवभारत न्यूज

**जुन्नारदेव, 5 सितंबर, शनिवार 5 सितंबर 2026 को जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदन में शिक्षक दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पूरे दिन खुशी और उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने विभिन्न कक्षाओं के कक्षा-शिक्षक एवं विभिन्न विषयों के शिक्षकों की भूमिका निभाई।**

बच्चों ने शिक्षकों की कार्यशैली, शिक्षण पद्धति एवं कक्षा संचालन को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने खूब सराहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न

सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर उद्बोधन दिया गया। अंत में प्राचार्य गजेंद्र मालवीय द्वारा बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए समस्त विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों का धन्यवाद दिया गया।

# ईद मिलादुन्नबी पर एक दिवसीय दीनी तालीम व सवाल-जवाब कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सिंगोड़ी, 5 सितंबर, आज रात्रि नो बजे से 1501 सालाना जश्ने ईद मिलादुन्नबी आका करीम के पावन अवसर पर सिंगोड़ी में एक दिवसीय दीनी तालीम एवं सवाल-जवाब कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सिंगोड़ी अहले सुन्नत वल जमात एवं अंजुमन कमेटी सिंगोड़ी की सरपरस्ती में, आशिक-ए-रसूल कमेटी की जानिब से जामा मस्जिद कैंपस में रखा गया है।**

कमेटी के जिम्मेदार इलमन मिस्किनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इसमें समाज के होनहार बच्चों को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने अपने-अपने स्कूलों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। साथ ही उन व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जाता है जिन्होंने समाज की बेहतरी के लिए सराहनीय कार्य किए हैं। वही आगे उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी में दीनी शिक्षा के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। वही इस सवाल जवाब के दौरान उन प्रतिभाशाली लोगो को कुरा के माध्यम से 12 बड़े इनाम दिए जायेंगे जिसमे पहला इनाम उमराह की टिकिट सामिल है।

# पूर्व सरपंच का व्हाट्सएप हैक, जुन्नारदेव पुलिस की त्वरित कार्रवाई से टली ठगी

नवभारत न्यूज

**जुन्नारदेव, 5 सितंबर, साइबर ठगी का शिकार होने से ग्राम पालाचौरई की पूर्व सरपंच स गिरिजा उईके बाल-बाल बच गईं। जुन्नारदेव थाना पुलिस की तत्परता और त्वरित कार्यवाही के चलते न सिर्फ उनका व्हाट्सएप अकाउंट सुरक्षित हुआ, बल्कि एक बड़ी आर्थिक चपत लगने से भी बचाव हो गया।**

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह लगभग 11:30 बजे अज्ञात कारणों से पूर्व सरपंच गिरिजा उईके का व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो गया। अकाउंट पर कब्जा करने के बाद हैकर उनके परिचितों और संबंधित व्यक्तियों को स्कैनर भेजकर अवैध रूप से पैसों की

मांग करने लगा। जैसे ही पूर्व सरपंच को अपने व्हाट्सएप हैक होने की जानकारी मिली, वे घबरा गईं और तुरंत जुन्नारदेव थाना पहुंचीं। उन्होंने वहां पदस्थ उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआई मुकेश डोंगरे ने तुरंत कार्यवाही की। उन्होंने मोबाइल की जांच कर व्हाट्सएप की तकनीकी समस्या को दूर किया और अकाउंट को हैकर की पहुंच से बाहर कर पूर्ण रूप से सुरक्षित कराया। पुलिस की इस तत्परता से पूर्व सरपंच और उनके परिचित किसी भी प्रकार के वित्तीय नुकसान से बच गए। पुलिस की इस त्वरित और असरदार साइबर फ्रॉड निवारण कार्रवाई पर पूर्व सरपंच श्रीमती उईके ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए जुन्नारदेव पुलिस और एसआई मुकेश डोंगरे का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पुलिस की अपील

इस दौरान पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि व्हाट्सएप पर प्राप्त होने वाले किसी भी अज्ञात लिंक या ओटीपी को किसी के साथ साझा न करें। यदि कोई परिचित अचानक स्कैनर भेजकर पैसों की मांग करे, तो भुगतान करने से पहले सीधे कॉल करके पुष्टि अवश्य करें।

# सिंगोड़ी में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

**सिंगोड़ी, 5 सितंबर, भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पावन पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुक्रवार को सिंगोड़ी नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। नगर के मेन रोड स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया।**

मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्राम पुरोहित पंडित बसंत राव जोशी के सुपुत्र पंडित जितेन्द्र जोशी द्वारा संपूर्ण पूजन-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। दिनभर मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। रात्रि में जन्माष्टमी उत्सव का विशेष आकर्षण राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी के साथ शोभायात्रा नगर के विभिन्न वार्डों से होकर निकली इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

पर्व

जिलेभर से उमड़ा गोली समाज, डीजे की धुन पर थिरके युवा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

# कृष्णमय हुआ नगर, गोली समाज ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

नवभारत न्यूज

**जुन्नारदेव, 5 सितंबर, भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जुन्नारदेव एवं जिला गोली समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता से ओतप्रोत इस शोभायात्रा में जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के के साथ-साथ जिलेभर से गोली समाज के समाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में समाज के जनप्रतिनिधियों के साथ युवा, महिलाएं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।**

शोभायात्रा का शुभारंभ सुकरी से हुआ। डीजे, ढोल-बाजे और आकर्षक धार्मिक झांकियों के साथ निकली यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जुन्नारदेव विशाला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

### जगह-जगह हुआ शोभायात्रा का स्वागत

सुकरी से जुन्नारदेव विशाला तक निकली शोभायात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों, युवाओं तथा विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर क्षेत्रीय विधायक, सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण साहू घनश्याम तिवारी एवं कांग्रेस जनों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया वहीं भाजपा की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल महामंत्री सपना पाल, अनिरुद्ध (बूटा) चटर्जी, संजय जैन सहित अन्य पदाधिकारी ने शोभायात्रा में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा के स्वागत के दौरान नागरिकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

### जिला अध्यक्ष एवं युवा अध्यक्ष सहित पदाधिकारी रहे मौजूद-

शोभायात्रा में जिला गोली समाज के जिला अध्यक्ष विनोद यदुवंशी एवं युवा गोली समाज के अध्यक्ष जगन्नाथ यदुवंशी सहित गोली समाज के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ आयोजन में सहभागिता की। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से शोभायात्रा में सामाजिक एकजुटता का विशेष संदेश देखने को मिला।

**राधा-कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हुए कार्यक्रम :** शोभायात्रा के जुन्नारदेव विशाला पहुंचने के बाद राधा-कृष्ण मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। समाज के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराधा-कृष्ण के दर्शन कर सुख-समृद्धि, शांति एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया।

**होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन**
**टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च**
**नेशनल ओलंपियाड प्रोग्राम 2026-2027**
**एस्ट्रोनॉमी, बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फि ज़िक्स, जूनियर साइंस में**

इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने के इच्छुक सभी स्टूडेंट्स को 21 और 22 नवंबर, 2026 को संबंधित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन (NSEs) (साइंस विषयों के लिए) में शामिल होना होगा, जो इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिज़िक्स टीचर्स (IAPT) द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

NSE में क्वालिफाई करना, 2027 के संबंधित इंटरनेशनल ओलंपियाड में हिस्सा लेने की दिशा में पहला कदम है।

एनरोल करने के लिए: NSEs: https://www.iapt.org.in (21 अगस्त - 14 सितंबर, 2026)

अधिक जानकारी के लिए: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

CBC48143/11/0006/2627